हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
08 फ़रवरी 2025, समय 1810

- भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को हराकर करीब दो-तिहाई बहुमत हासिल किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को मिले जनादेश के लिए दिल्ली की जनता को धन्यवाद दिया।
- दिल्ली में मिली जीत के बाद हरियाणा में जश्न का माहौल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत बताया।
- आम आदमी पार्टी के कन्वीनर अरविन्द केजरीवाल ने अपनी हार स्वीकार की।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने भिवानी जिले के एक अध्यापक द्वारा नक़ल उन्मूलन के लिए बनाई गयी वीडियो जारी की।

*********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को हराकर करीब दो-तिहाई बहुमत हासिल किया है।70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव परिणाम की ताजा स्थिति के अनुसार अभी तक 61 नतीजे घोषित हुए हैं। बी जे पी ने 41 सीटें जीती हैं और 7 सीटों पर उसके उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। आम आदमी को अभी तक 20 सीटें मिली हैं और 2 सीटों पर उसके उम्मीदवार आगे हैं। कांग्रेस व अन्य किसी पार्टी को कोई सीट नहीं मिली।

बी जे पी 27 वर्षों के अंतराल के बाद दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है।आम आदमी पार्टी के कनवीनर और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सहित आप कई बड़े नेता चुनाव हार गए हैं।

*************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिले जनादेश के लिए दिल्ली की जनता को धन्यवाद दिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी को मिले इस शानदार और ऐतिहासिक जनादेश के लिए वे दिल्लीवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। श्री मोदी ने कहा कि पार्टी दिल्ली के विकास, जन-जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने और यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की प्रमुख भूमिका हो।

*************************************************************

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत के बाद हरियाणा में भी खुशी का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मना रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आए जीत के रुझानों के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर तीर्थ स्थल पर पूजा अर्चना की। उनके साथ पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, पार्टी के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जो खुद को हरियाणा का लाल कहते थे उन्होंने हरियाणा पर ही यमुना नदी में जहर मिलाने के गंभीर आरोप लगाए थे जिसका जवाब जनता ने उनको दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा -

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आज करनाल में दिल्ली में बी जी पी को मिली जीत पर प्रतिक्रिया दी ।

अंबाला में परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी हार स्वीकार कर ली है।

हिसार में जीत के मनाए जा रहे जश्न के बीच सांसद सुभाष बराला ने कहा -

****************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव अजय चोपड़ा ने आज भिवानी जिला के गांव ढ़ाणा नरसान के राजकीय उच्च विद्यालय के कार्यवाहक मुख्य अध्यापक व समाजशास्त्र प्रवक्ता सुरजीत शर्मा द्वारा नकल उन्मूलन के लिए बनाई गई वीडियो जारी की। इस अवसर पर 1500 स्कूलों को गूगल मीट पर जोड़ा गया और वीडियो को चला कर दिखाया गया। श्री चोपड़ा ने कहा कि यह वीडियो नकल उन्मूलन अभियान को सहयोग करेगी।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड इस वीडियो को अपनी वेबसाइट, युटुब तथा सभी व्हाट्सएप गुरप पर डालकर छात्र-छात्राओं तक पहुचाएगा।

****************************************************************

हरियाणा सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए फरीदाबाद के सेक्टर- 78 और गुरुग्राम के सेक्टर 9 में सखी निवास योजना के तहत महिला छात्रावास का निर्माण करेगी। इससे कामकाजी महिलाओं के रहने की समस्या दूर होगी। सखी निवास में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिलेगा।हरियाणा महिला विकास निगम इसकी कार्ययोजना तैयार कर रहा है। सखी निवास में रहने वाली कामकाजी महिलाओं को डे केयर की सुविधा दी जाएगी। वह अपने साथ बच्चों को भी रख सकती हैं। अगर बच्चे बड़े हो तो भी उसे रखने

की व्यवस्था होगी। इसमें 12 साल तक के लड़के और 18 साल तक की लड़की को रखने की अनुमति होगी।

************************************************************

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2025 सत्र के लिए बीएड और बीएससी नर्सिंग पोस्ट बेसिक प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया आरम्भ कर दी है।इग्नू के करनाल क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि विश्वविद्यालय में बीएड कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि दो वर्ष है। केवल अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में करवाई जाती है।प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी निर्धारित की गई है।

************************************************************

परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण एक नए प्रारूप में परसों सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम के नए प्रारूप में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व विद्यार्थियों के साथ बातचीत कर अपने अनुभव तथा ज्ञान साझा करेंगे। कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न स्कूलों से से 36 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।परीक्षा पे चर्चा की शुरुआत में प्रधानमंत्री विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जायेगा।इस कार्यक्रम इन भागीदारी के लिए इस वर्ष मंत्रालय को विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के साढे तीन करोड़ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।